जय राम कर लिया है | by Manish Agrawal

हम तो अपनी मस्ती में झूमते चले है
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं

चाहे हो कोई मौका खाएंगे नहीं धोखा
श्री राम से मिला है वरदान ये अनोखा
पत्थर हैं राम नाम के हम तैरते चले हैं
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं

ऐलान कर दिया है दुनिया से हम निराले
है शक किसी के दिल में तो आके आज़मा ले
टकराने वाले हमसे मिट्टी में सब ढले हैं
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं

हम राम के पुजारी बस राम को ही जाने
भारत के बच्चे बच्चे श्री राम के दीवाने
भूले ना कोई मोनी भारत में हम पले हैं
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-manish-agrawal/